बीए इंजीनियरिंग कॉलेज में वर्चुअल लैब पर कार्यशाला

जमशेदपुर| बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जमशेदपुर को आईआईटी, दिल्ली के सहयोग से वर्चुअल लैब के लिए नोडल केंद्र घोषित किया गया है। बुधवार को कॉलेज में वर्चुअल लैब पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता वर्चुअल लैब्स के संरक्षक प्रतीक शर्मा थे। इस कार्यशाला का उद्देश्य वर्चुअल लैब्स के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक कौशल का परिचय और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था।

आइआइटी दिल्ली के सहयोग से वर्चुअल लैब का नोडल सेंटर बना बीएसीईटी

■ इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए विज्ञान संबंधी प्रयोग और इनोवेशन में मील का पत्थर साबित होगा वर्चुअल लैब

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (बीएसीइटी) जमशेदपुर को आईआईटी, दिल्ली के सहयोग से वर्चुअल लैब के लिए नोडल केंद्र बनाया गया है। बुधवार को कॉलेज में वर्चुअल लैब पर कार्यशाला हुई, जिसके मुख्य वक्ता वर्चुअल लैब्स के संरक्षक प्रतीक शर्मा थे। इसका उद्देश्य वर्चुअल लैब्स से विद्यार्थियों को व्यावहारिक कौशल का परिचय और व्यावहारिक ज्ञान देना था। इस सत्र में माप आधारित प्रयोगों और दूरस्थ रूप से ट्रिगर किये गए प्रयोगों का प्रदर्शन शामिल था। विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि वे स्वयं पर प्रयोग कैसे करें और उन्हें वर्चुअल लैब्स में कैसे अपलोड करें। कॉलेज प्रबंधन समिति के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह ने बताया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान समेत देश के कुछ शैक्षणिक संस्थानों

सहयोग से एक आभासी संसार का सृजन किया गया है, जहां वर्चुअल लैब्स से विद्यार्थी विज्ञान संबंधी प्रयोग एवं इनोवेशन कर सकते हैं। डिजिटल शिक्षा को आगे बढ़ाने की पहल के तहत वर्चुअल लैब्स एक महत्वपूर्ण पहल है। जिससे समय और खर्च कम किया जा सकता है। केवल उपकरणों के स्पर्श का अनुभव लेने के लिए ही विद्यार्थियों को प्रयोगशाला में जाने की जरूरत होगी। उन्होंने कॉलेज के सभी प्रोफेसर्स एवं विद्यार्थियों को कॉलेज में आईआईटी, दिल्ली के सहयोग से वर्चुअल लैब के लिए नोडल केंद्र की शुभकामनाएं दी।

बी ए इंजीनियरिंग कॉलेज में वर्चुअल लैब पर कार्यशाला

जमशेदपुर. बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जमशेदपुर को आइआइटी दिल्ली के सहयोग से वर्चुअल लैब के लिए नोडल केंद्र घोषित किया गया है. बुधवार को बीए इंजीनियरिंग कॉलेज में वर्चुअल लैब पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य वक्ता वर्चुअल लैब के संरक्षक प्रतीक शर्मा थे. विद्यार्थियों को व्यावहारिक कौशल का परिचय और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला में माप आधारित प्रयोगों और दूरस्थ रूप से ट्रिगर किये गये प्रयोगों को प्रदर्शित किया गया. विद्यार्थियों को यह भी बताया गया की वे स्वयं पर प्रयोग कैसे करें और उन्हें वर्चुअल लैब में कैसे अपलोड करें. कॉलेज प्रबंधन समिति के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान समेत देश के कुछ शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से एक आभासी संसार का सृजन किया गया है, जहां वर्चुअल लैब के जरिये विद्यार्थी विज्ञान संबंधी प्रयोग व इनोवेशन कर सकते हैं. बताया कि डिजिटल शिक्षा को आगे बढ़ाने की पहल के तहत वर्चुअल लैब्स एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे समय और खर्च को काम किया जा सकता है. केवल उपकरणों के स्पर्श का अनुभव लेने के लिए ही विद्यार्थियों को प्रयोगशाला में जाने की जरुरत होगी. कार्यक्रम में का उद्घाटन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष कौशिक कुमार पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज की प्रभारी प्रिंसिपल डॉ इशिता घोष ने किया.

आईआईटी दिल्ली के सहयोग से बीएसीईटी वर्चुअल लैब के लिए नोडल केंद्र घोषित

इंजीनियरिंग कॉलेज में वर्चुअल लैब पर कार्यशाला आयोजित

भास्कर न्यूज़ | [illegible]

बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जमशेदपुर को आईआईटी दिल्ली के सहयोग से वर्चुअल लैब के लिए नोडल केंद्र घोषित किया गया है। जिसको लेकर बीए इंजीनियरिंग कॉलेज में वर्चुअल लैब पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता वर्चुअल लैब के संरक्षक प्रतीक शर्मा को आमंत्रित किया गया था। कार्यशाला का उद्देश्य वर्चुअल लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है। कार्यशाला में माप आधारित प्रयोगों और दूरस्थ रूप से ट्रिगर किये गए प्रयोगों का प्रदर्शन भी किया गया। विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि वे स्वयं पर प्रयोग कैसे करें और उन्हें वर्चुअल लैब में कैसे अपलोड करें।

कॉलेज प्रबंधन समिति के चेयरमैन डॉ शिवकुमार सिंह ने बताया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान समेत देश के कुछ शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से एक आभासी संसार का सृजन किया गया है। जहां वर्चुअल लैब के जरिए विद्यार्थी विज्ञान संबंधी प्रयोग एवं इनोवेशन कर सकते हैं। डिजिटल शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए वर्चुअल लैब एक महत्वपूर्ण पहल है। विद्यार्थियों को केवल उपकरण का अनुभव लेने के लिए ही प्रयोगशाला में जाने की जरूरत होगी।

उन्होंने इस अवसर पर कॉलेज के सभी प्रोफेसर्स एवं विद्यार्थियों को कॉलेज में आईआईटी, दिल्ली के सहयोग से वर्चुअल लैब के लिए नोडल केंद्र खुलने को लेकर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का उद्घाटन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष कौशिक कुमार पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज प्रभारी प्राचार्या डॉ इशिता घोष ने किया।